भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-1961

दिनांक 11 दिसंबर, 2025 को उत्तरार्थ

इंडिया एनर्जी स्टैक के उद्देश्य

1961. श्री अमर शरदराव काले:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) इंडिया एनर्जी स्टैक (आईईएस) को विकसित करने के क्या उद्येश्य हैं और विद्युत क्षेत्र के लिए डिजिटल अवसंरचना को मजबूत करने में इसका क्या योगदान प्रस्तावित है;

(ख) सेवाओं और प्रौद्योगिकी भागीदारों के बीच डेटा अंतर-प्रंचालनीयता, पारदर्शिता और नवाचार को आईईएस किस प्रकार बढ़ावा देता है;

(ग) चल रहे सर्वेक्षण में चिन्हित किए गए हितधारकों का ब्यौरा क्या है और उनकी भागीदारी से क्या परिणाम अपेक्षित हैं; और

(घ) क्या आईईएस को चालू करने और मौजूदा सेवा प्रणालियों के साथ निर्बाध एकीकरण सुनिश्चित करने के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्यान्वयन योजना तैयार की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद नाईक)

(क) से (घ) : सम्पूर्ण विद्युत क्षेत्र के लिए एक सार्वभौमिक डिजिटल ब्लूप्रिंट बनाने के उद्देश्य से भारतीय ऊर्जा स्टैक (आईईएस) की परिकल्पना की गई है ताकि विद्युत प्रणाली के अलग-अलग हिस्से मानक प्रोटोकॉल के माध्यम से सुरक्षित रूप से आपस में जुड़ सकें और संचार कर सकें। मंत्रालय ने अंतरसंचालनीयता सुनिश्चित करने के लिए आईईएस के लिए एक रोडमैप तैयार करने हेतु मंत्रालयों, राज्य यूटिलिटी, विनियामकों, प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाताओं आदि के प्रतिनिधियों सहित डोमेन विशेषज्ञों और विभिन्न हितधारकों को शामिल करते हुए एक कार्यबल का गठन किया है।

वित्तीय वर्ष 2026-27 में अवधारणा पुष्टि के प्रदर्शन के लिए समयसीमा के साथ आईईएस का कार्यान्वयन चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।

****